



# पंजाब किंग्स का सबसे बड़ा रन चेज, दिल्ली को हराया

## केएल राहुल के नाबाद 152 रन पर भारी पड़ी पंजाब की आक्रामक बल्लेबाजी

**आईपीएल 2026 में ऐतिहासिक मुकाबला**

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल.** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में शनिवार को खेला गया दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया.

265 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने महज 18.5 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया. दिल्ली की ओर से केएल राहुल की 152 रनों की नाबाद पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी, क्योंकि पंजाब के बल्लेबाजों ने बेखौफ अंदाज में जवाबी हमला किया.



दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में दो विकेट पर 264 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. राहुल ने 67 गेंदों में 152 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें 16 चौके और 9 छक्के शामिल रहे, जबकि नीतीश राणा 91 रन बनाकर शतक से चूक गए. इतने बड़े स्कोर के बावजूद पंजाब किंग्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की. प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या ने पहले विकेट के लिए 126 रन जोड़कर मैच की दिशा बदल दी. पंजाब ने सात गेंद शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया.यह मुकाबला टी20 क्रिकेट की रोमांचकता और अनिश्चितता का बेहतरीन उदाहरण साबित हुआ.

**11 मिनट में बना ग्रीन कॉरिडोर**

आईपीएल 2026 में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में उस वक्त सभी फैंस और खिलाड़ियों की सांसें अटक गईं. जब दिल्ली के स्टार गेंदबाज लुंगी एनडिगी कैच पकड़ते हुए बुरी तरह चोटिल हो गए. लेकिन एनगिडी के तुरंत इलाज के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ऐसा कारनामा किया है जो अब मिसाल बन गया है. एसीपी ट्रैफिक (सेंट्रल) संजय सिंह ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम से संपर्क किया और ग्रीन कॉरिडोर बनाने के निर्देश दिए. इसका नतीजा ये रहा कि एम्बुलेंस सिर्फ 11 मिनट में अस्पताल पहुंच गई.

# पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में वंशिका-चिराग ने गोल्ड जीता

**काहिरा (मिस्र), 25 अप्रैल. भारतीय शूटर वंशिका चौधरी और चिराग शर्मा ने शनिवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2026 में 10मी एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीता.**

वंशिका, जिन्होंने पहले महिलाओं के 10मी एयर पिस्टल इवेंट में इंडिविजुअल खिताब जीता था, और चिराग शर्मा, जिन्होंने पुरुषों के इवेंट में ब्रॉन्ज़ जीता था, ने कुल 484.3 का स्कोर बनाकर अलियाक्संद्रा पियात्रोवा और मिकिता दौबाश को हराकर टॉप पोडियम पर जगह बनाई. पियात्रोवा और दौबाश, दोनों इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट, ने 467.6 का स्कोर करके सिल्वर मेडल जीता, जबकि एक और भारतीय टीम – मोहिनी सिंह और हिमांशु राणा – ने 407.4 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता. इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में, वंशिका और चिराग 582-21× के स्कोर के साथ टॉप पर थे. मोहिनी सिंह और हिमांशु राणा 568-15× के साथ तीसरे नंबर पर रहे. ओलंपिक्स.कॉम के मुताबिक, क्वालिफायर से टॉप चार टीमें फाइनल में पहुंचीं. एलिना नेस्टसियारोविच और यूरी क्राउट्सौ – एक और न्यूट्रल एथलीट टीम – मेडल राउंड में चौथी टीम थी. भारत पुरुषों और महिलाओं दोनों के इंडिविजुअल ट्रैप इवेंट में बाहर हो गया.

## एक नजर में




### युवाओं की एनर्जी देश के कमिटमेंट की झलक है

**श्रीनगर.** राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के यूथ अफेयर्स और स्पोर्ट्स मिनिस्टर्स का चिंतन शिविर आज श्रीनगर में शुरू हुआ. इसमें मिलकर काम करने, सिस्टम में सुधार, ज़मीनी स्तर पर पॉलिसी और काम को लागू करके भारत के स्पोर्ट्स इकोसिस्टम को मजबूत करने पर खास चर्चा हुई. शुरुआती सेशन को संबोधित करते हुए, यूथ अफेयर्स और स्पोर्ट्स के केंद्रीय मंत्री, डॉ. मनसुख मांडविया ने इस बात पर ज़ोर देकर बातचीत की शुरुआत की कि भारत के स्पोर्ट्स के सपने ज़मीन पर काम करके पूरे होंगे. उन्होंने कहा, 'ग्लोबल स्पोर्ट्स पावरहाउस बनने का हमारा 10 साल का रोडमैप सिर्फ़ कागज़ पर नहीं रहना चाहिए, इसे हर खेल के मैदान, हर ज़िले और हर युवा के सपने में सच होना चाहिए. जम्मू और कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर, मनोज सिन्हा भी चिंतन शिविर में शामिल हुए और भारत को स्पोर्ट्स का पावरहाउस बनाने के विजन की तारीफ़ की.

### इंटरनेशनल मास्टर शिविका रोहिल्ला सम्मानित

**नयी दिल्ली.** भारत की नई महिला इंटरनेशनल मास्टर शिविका रोहिल्ला को शुक्रवार रात यहां एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया. इस अवसर पर शिविका के माता-पिता, कोच और उनके स्कूल की प्रिंसिपल मौजूद थे. मात्र छह वर्ष की उम्र से शतरंज खेलना शुरू करने वाली शिविका ने हंगरी के बुडापेस्ट में अपना महिला इंटरनेशनल मास्टर नॉर्म हासिल किया. 18 वर्षीय शिविका ने इस अवसर पर कहा, ''जब मैं छह साल की थी तब मैंने 64 खानों का खेल खेलना शुरू किया था. उसके बाद यह खेल मेरा जीवन बन गया. मेरी मां निधि इस दौरान मेरी सबसे बड़ी प्रेरणास्त्रोत रहीं.'' शिविका के पिता डॉ नरेंद्र रोहिल्ला ने इस अवसर पर कहा, ''मेरे लिए यह बड़े गर्व की बात है कि मैं आज इस मंच पर अपनी बेटी के साथ बैठा हूँ. इतने वर्षों में हम वित्तीय उतार-चढ़ाव से गुजरते रहे और यही सोचते रहे कि उसे खेलने दें या नहीं. लेकिन हमने उसे खेलने दिया. उसकी मां उसकी सबसे बड़ी प्रेरणास्त्रोत रही. मैं बस पीछे से उनके लिए सपोर्ट सिस्टम बना रहा. वह खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी सर्वश्रेष्ठ रही है. मेरी शुभकामनाएं यही हैं कि वह आगे चलकर महिला जीएम और जीएम बने.



### भुल्लर सिंगापुर ओपन के टॉप-5 में कायम



**सिंगापुर.** मुश्किल हालात में गोल्फ के उतार-चढ़ाव वाले राउंड के बावजूद, गगनजीत भुल्लर ने कड़ी मेहनत की और बिजनेस टाइम्स द्वारा पेश किए गए सिंगापुर ओपन के तीसरे दिन लीडरबोर्ड के टॉप-5 में बने रहे. 20 लाख डॉलर के इंटरनेशनल सीरीज़ इवेंट में लीडरबोर्ड में सबसे ऊपर कोरिया के जियोंगवू हैम हैं, जिन्होंने आज 68 का स्कोर करने के बाद तीनों दिन लीड बनाए रखी है.सेंटोसा गोल्फ क्लब के मुश्किल सेरापोंग कोर्स के साथ एनर्जी खत्म करने वाले हालात में भी, भुल्लर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मूविंग डे पर 1-ओवर 72 का स्कोर किया, यह राउंड उनके लिए नुकसान कम करने और रेस में बने रहने के बारे में था. भुल्लर अभी 6-अंडर 207 के साथ टाई-पांचवें स्थान पर हैं, यह स्थान उन्होंने थाई जैज़ जानेवतनंद (68-66-73) और पाकिस्तान के अहमद बेग (69-71-67) के साथ शेयर किया, जो एक ईगल और दो बर्डी के साथ सबसे अच्छे परफॉर्मर में से एक थे.

### श्रीलंका ने बांग्लादेश को हराकर जीती सीरीज

**राजशाही.** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद हसिनी परेरा (95), इमेशा दुलानी (56) और हर्षिता समरविक्रमा (नाबाद 44) रनों की पारियों की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने शनिवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को 21 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया. इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली. 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की महिला टीम ने 46.3 ओवरों में तीन विकेट पर 214 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट ससे अपने नाम कर लिया. श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ही ओवर में कप्तान चामरी अटापट्टू (10) का विकेट गंवा दिया. उन्हें मरूफ़ा अख़्तर ने आउट किया. इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी इमेशा दुलानी ने हसिनी परेरा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे. दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिये 108 रनों की साझेदारी हुई.मरूफ़ा अख़्तर ने 32वें ओवर में इमेशा दुलानी को आउट कर बंगलादेश को दूसरी सफलता दिलाई. इमेशा दुलानी ने 79 गेंदों में सात चौके लगाते हुए 56 रन बनाये. 46वें ओवर में सोभना मोस्तारी ने शतक की ओर बढ़ रही हसिनी परेरा का शिकार कर लिया. हसिनी परेरा ने 131 गेंदों में 13 चौके लगाते हुए 95 रनों की पारी खेली. हर्षिता समरविक्रमा ने नाबाद 44 रन बनाये. उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके लगाये. इससे पहले आज यहां बंगलादेश की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 213 रनों का स्कोर बनाया. सोभना मोस्तारी ने टीम के लिए सर्वाधिक 74 रनों की पारी खेली.

# राजस्थान को हरा टॉप-3 में हैदराबाद

## वैभव के शतक पर भारी पड़ा अभिषेक-ईशान का तूफान, हैदराबाद 5 विकेट से जीता



*वैभव सूर्यवंशी ने 37 बॉल पर बनाए 103 रन*

**जयपुर 25 अप्रैल.** आईपीएल 2026 का 36वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया. जिसमें हैदराबाद ने 5 विकेट से जीत हासिल की. ये मुकाबला जयपुर में हुआ. जहां टॉस जीतकर हैदराबाद ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. इस मुकाबले में हैदराबाद की कप्तानी पैट कमिंस कर रहे थे. राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी के शतक के दम पर 229 रनों का लक्ष्य हैदराबाद के सामने रखा था. जिसे हैदराबाद ने ईशान और अभिषेक की तूफानी बैटिंग के दम पर 19वें ओवर में ही चेज कर लिया. इस जीत के साथ हैदराबाद अब अंक तालिका में तीसरे नंबर पर आ गई है.

राजस्थान के 229 रनों के जवाब में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की जोड़ी आई. लेकिन हेड एक बार फिर फ्लॉप रहे और केवल 6 रन बनाकर आउट हो गए. लेकिन इसके बाद अभिषेक शर्मा और ईशान किशन के बीच शतकीय साझेदारी हुई. अभिषेक ने 29 गेंद में 57 रनों की पारी खेली और 10वें ओवर में अपना विकेट गंवाया. वहीं, ईशान किशन ने भी शानदार फिफ्टी लगाई.

इसके बाद ईशान किशन ने 31 गेंद में 74 रनों की पारी खेली और हैदराबाद के लिए मोमेंटम सेट कर दिया. इसके बाद हेनरिक क्लासेन और नीतीश रेड्डी के बीच शानदार साझेदारी हुई. नीतीश रेड्डी 36 रन बनाकर आउट हुए. जबकि क्लासेन ने 29 रन बनाए. बाद में सलिल अरोड़ा और अनिकेत ने मैच को फिनिश किया और हैदराबाद ने ये मैच 5 विकेट से जीत लिया. इस जीत के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद अब अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है. हैदराबाद के 8 मैच में अब 10 प्वाइंट हो गए हैं. वहीं राजस्थान के भी 8 मैच में 10 अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट हैदराबाद का बेहतर है. पहले पायदान पर 7 मैच में 13 अंक के साथ पंजाब की टीम है. वहीं, दूसरे नंबर पर आरसीबी है. राजस्थान की पारी का आगाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने किया. वैभव ने पहले ही ओवर में 4 छक्के लगाए. लेकिन तीसरे ओवर में यशस्वी अपना विकेट गंवा बैठे. लेकिन वैभव ने 15 गेंदों में फिफ्टी लगाई और फिर रुके ही नहीं. इसी बीच ध्रुव जुरेल ने भी फिफ्टी लगाई और वैभव के साथ शतकीय साझेदारी की. लेकिन 13वें ओवर में उनका विकेट गिर गया. लेकिन वैभव जमे रहे. उन्होंने 36 गेंदों में शतक

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान बल्लेबाजी खिलाड़ी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जयसवाल | 10 | 8 | 2 | 0 |
| वैभव सूर्यवंशी | 103 | 37 | 5 | 12 |
| ध्रुव जुरेल | 51 | 35 | 8 | 1 |
| रियान पराग | 7 | 9 | 0 | 0 |
| डोनोवन फरेरा | 33 | 16 | 3 | 3 |
| शिम्रोन हेटमायर | 11 | 10 | 1 | 0 |
| रवीन्द्र जड़ेजा | 4 | 3 | 1 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर | 2 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 7, **कुल** 20 ओवर में 228/6

**हैदराबाद गेंदबाजी-** प्रफुल हिंगे 4-0-49-1, पैट कमिंस 4-0-27-1, ईशान मलिंगा 4-0-38-2, साकिब हुसैन 4-0-62-1, शिवांग कुमार 2-0-31-0, नीतीश रेड्डी 2-0-20-1.

| हैदराबाद बल्लेबाजी | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड | 6 | 5 | 0 | 1 |
| अभिषेक शर्मा | 57 | 29 | 11 | 1 |
| ईशान किशन | 74 | 31 | 11 | 3 |
| हेनरिक क्लासेन | 29 | 24 | 3 | 1 |
| नितीश रेड्डी | 36 | 18 | 2 | 3 |
| सलिल अरोड़ा | 8 | 3 | 0 | 1 |
| अनिकेत वर्मा | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** 18, **कुल** 18.3 ओवर में 229/5

**गेंदबाजी-** जोफ्रा आर्चर 4-0-34-2, नंद्रे बर्गर 3.3-0-50-0, तुषार देशपांडे 3-0-43-0, ब्रिजेश शर्मा 4-0-44-2, रियान पराग 1-0-12-0, डोनोवन फरेरा 1-0-14-1, रवि बिश्नोई 1-0-16-0, रवीन्द्र जड़ेजा 1-0-11-0.

### कौन-सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पीबीकेएस | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | +1.33 |
| 2. | आरसीबी | 7 | 5 | 2 | | 10 | +1.10 |
| 3. | हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | | 8 | +0.81 |
| 4. | आरआर | 8 | 5 | 3 | | 10 | +0.60 |
| 5. | सीएसके | 7 | 3 | 4 | | 6 | +0.11 |

# मानव- मानुष सीजन 7 में सबसे आगे

## 9 से 26 जुलाई तक गोवा में होगा यूटीटी सीजन सात

**नयी दिल्ली, 25 अप्रैल भारतीय सितारे मानव ठक्कर, मानुष शाह और दिया चितले बटरफ्लाई अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन 7 के खिलाड़ियों के पूल में सबसे आगे हैं. टीमों ने नीलामी से पहले दिग्गज खिलाड़ियों सत्यन ज्ञानशेखरन और मनिका बत्रा को रिटेन किया है.**



एक्शन से भरपूर सीजन सात, 9 से 26 जुलाई तक गोवा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में होगा. आने वाले सीजन के खिलाड़ियों के पूल में जाने-माने भारतीय नाम, उभरती प्रतिभाएं और शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पैडलर्स का एक मजबूत मिश्रण है. फ्रेंचाइज़ियां 28 अप्रैल को मुंबई के सहारा स्टार में होने वाली नीलामी में अपनी टीमें बनाएंगी. ठक्कर और शाह अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण एक साल के अंतराल के बाद नीलामी पूल में लौटे हैं. यह जोड़ी अभी पुरुषों के डबल्स में विश्व में 5वें स्थान पर है और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में नियमित रूप से खेलती है. शाह, चितले के साथ मिक्स्ड डबल्स में भी जोड़ी बनाते हैं. यह जोड़ी विश्व में 6वें स्थान पर है और डब्ल्यूटीटी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच चुकी है. चितले, जो पिछले सीजन की नीलामी में सबसे महंगी खिलाड़ी थीं, पूल में

# प्लेयर ऑफ़ द मैच के लिए चुने गए विराट

## कोहली-देवदत्त की 115 रन की साझेदारी 'गेम चेंजर'

**बेंगलुरु, 25 अप्रैल विराट कोहली ने देवदत्त पड़िक्कल के साथ अपनी 115 रन की साझेदारी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की 206 रन के सफल चेज में 'गेम चेंजर' बताया, जो उन्होंने गुजरात टाइटंस (जीटी) के ख़िलाफ हासिल किया.**

कोहली को 44 गेंदों में 81 रन (आठ चौके और चार छक्के) की पारी के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया, और आरसीबी सात मैचों में पांचवीं जीत के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई.

विराट ने आरसीबी की बल्लेबाज़ी पर कहा, 'मेरा मतलब है, हमें शुरुआत में विकेट को समझना था क्योंकि उनके पास क्वालिटी गेंदबाज़ी आक्रमण है, और बेंगलुरु में 200 (206) का पीछा करते हुए हमें पता है कि हमें सिर्फ़ एक साझेदारी की ज़रूरत होती है. मुझे लगता है कि मेरे और (जेकब) के बीच बातचीत यही थी कि पहले कुछ ओवर को समझें, क्या हो रहा है, और फिर वहां से खेल को आगे बढ़ाएं. मुझे लगता है कि देवदत्त पड़िक्कल ने इस सीज़न में यह दूसरी बार किया है कि जब वह आए और पहली ही गेंद से शानदार बल्लेबाज़ी की.'

**ऑरेंज कैप टेबल में शीर्ष पर पहुंचे कोहली**

**बेंगलुरु.** आरसीबी बनाम गुजरात टाइटंस का शुक्रवार रात का मैच आईपीएल 2026 के ऑरेंज कैप तालिका में दिलचस्प बदलाव लेकर आया है. आरसीबी ने यह मुकाबला पांच विकेट से जीता. विराट कोहली एक बार फिर अपने परिचित अंदाज़ में दिखे. पारी की शुरुआत करते हुए, बड़े लेकिन बहुत बड़े नहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए और अंत में वह ऑरेंज कैप तालिका में भी परिचित जगह पर पहुंच गए. आरसीबी को जीत के लिए 206 रन बनाने थे. कोहली ने पारी की शुरुआत की, 14वें ओवर तक बल्लेबाज़ी की, मैच ख़त्म नहीं कर पाए लेकिन 44 गेंदों पर 81 रन बनाकर जीत की मजबूत नींव रखी.



**आईपीएल 2026** आज का दिन चार बड़ी टीम चेन्नई, गुजरात, लखनऊ और कोलकाता के लिए बेहद अहम

# आज चेन्नई-गुजरात और लखनऊ-कोलकाता की टक्कर

**नयी दिल्ली 25 अप्रैल. सैमसन पर टिकी चेन्नई की उम्मीदें, गिल-सुदर्शन पर निर्भर गुजरात; लखनऊ की गिरती लय के सामने कोलकाता की वापसी चारों टीमों के लिए 'करो या मरो' जैसे मुकाबले चेपॉक में स्पिन बनाम पावर-हिटिंग, एकाना में दबाव बनाम मोमेंटम आईपीएल 2026 में आज दो हाई-स्टेक्स भिड़ंत इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रविवार का दिन चार बड़ी टीमों चेन्नई, गुजरात, लखनऊ और कोलकाता के लिए बेहद अहम होने जा रहा है, जहां दोनों मुकाबले प्लेऑफ की तस्वीर पर सीधा असर डाल सकते हैं.**






चेन्नई में होने वाले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स अपनी शानदार वापसी को जारी रखने के इरादे से गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी. टीम की बल्लेबाज़ी का केंद्र इस समय संजू सैमसन हैं, जिनकी आक्रामक शुरुआत ने टीम को नई ऊर्जा दी है. उनके साथ रुतुराज गायकवाड़ की भूमिका पारी को संभालने की रहेगी, जबकि मध्यक्रम में सरफराज खान, डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे संतुलन बनाए हुए हैं. अनुभवी एमएस धोनी की मौजूदगी मैच फिनिशिंग में अहम साबित हो सकती है.

गेंदबाज़ी में नूर अहमद, अंशुल कंबोज और जेमी ओवर्टन चेन्नई को मजबूती दे रहे हैं, खासकर चेपॉक की स्पिन-अनुकूल परिस्थितियों में.

दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स की ताकत उसका टॉप ऑर्डर है, जिसमें शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर शामिल हैं.

वहीं, दिन का दूसरा मुकाबला लखनऊ में खेला जाएगा, जहां लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स आमने-सामने होंगी. यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए 'करो या मरो' जैसा है, लेकिन परिस्थितियां अलग हैं. लखनऊ लगातार हार से जूझ रही है और बल्लेबाज़ी में निरंतरता की कमी साफ दिखी है. मिचेल मार्श, ऋषभ पंत और निकोलस पूरन जैसे खिलाड़ियों को जिम्मेदारी उठानी होगी.